दिनांक 10.2.2012 - "सुरीली सौगातें"

वर्ष की पहली तिमाही में आयोजित रोचक कार्यक्रम दिनांक 10.2.2012 की शाम मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के कुलाबा स्थित सागर उपवन में एक अनोखा कार्यक्रम संपन्न हुआ. हिन्दी फिल्म संगीत के जानेमाने संगीतकार श्री. प्यारेलाल शर्मा (लक्ष्मीकांत प्यारेलाल द्वयी), मशहूर गायिका मुबारक बेगम (कभी तनहाईयों में यूं हमारी याद आयेगी) श्रीमान नक्श लायलपुरी (गीतकार) और सुरों की ध्वनि व्यवस्थित योजना करनेवाले ॲरंजर श्री. केरसी लॉर्ड की उपस्थिति में एक ऐसा समा बाँधा कि सभी मंत्रमुग्ध हो गये.

कार्यक्रम की शुरुआत में मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के अध्यक्षजी श्री. राजीव गुप्ताजी, उपाध्यक्षजी श्री. श्रीकांत सिंहजी का सपत्निक आगमन के बाद पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया. तत्पश्चात उपस्थित अतिथिगणों का भी अध्यक्षजी द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया. मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के विभिन्न विभागों के प्रमुख और प्रधान अधिकारी इस अवसर पर बडी तादाद में उपस्थित थे. इसके बाद श्रीमती प्रीति शेणवाई, हिन्दी अधिकारी ने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की और तत्पश्चात माईक श्री. सिंग प्रसिध्द AIR उद्‌घोषक को सौंपते हुए आगे का सूत्र संचालन करने का अनुरोध उनसे किया. श्री सिंग की Professional आवाज में उपस्थित हस्तियों का परिचय और साथ में परदेपर उनकी अजरामर रचनाओं (गीत, संगीत) को पेश करते हुए कार्यक्रम में रंगत आयी. विशेषकर पुराने गानों को सुनकर सभी को बडी खुशी हुई. उपस्थितों ने करतल ध्वनियों से इस प्रस्तुति को सराहा. श्री. सिंग ने कार्यक्रम का बहुत अच्छा निवेदन (Compering) किया जिसमें कलाकारों का साक्षात्कार (Interviews) भी लिया. साथ में Audio Visual प्रस्तुति भी दिखायी और कलाकारों की यादों को उजागर किया. फिर कार्यक्रम आगे बढा तब रात धीरे धीरे होने लगी थी. मौसम सर्दी का था और हवाओं मे ठंड थी. फिर भी दर्शकों ने कार्यक्रम की समाप्ति तक कार्यक्रम का पूरा मजा लिया. अंत मे उपस्थित कलाकारों की रचना में ही सभी को गीत द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कार्यक्रम समाप्त हुआ.